भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रैस विज्ञप्ति

**08.11.2024 – अखिल भारतीय**

एनएसई कोड:- एलआईसीआई बीएसई कोड:- 543526

**30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए प्रदर्शन अपडेट (वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही)**

• वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही के लिए कुल बाजार हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही के लिए 58.50% से बढ़कर 61.07% हो गई।

• कुल प्रीमियम आय 13.56% बढ़कर 2,33,671 करोड़ रुपये हो गई।

• नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) 17.29% बढ़कर 29,538 करोड़ रुपये हो गई।

• कुल एपीई 23.86% बढ़कर 28,025 करोड़ रुपये हो गया।

• व्यक्तिगत व्यवसाय एपीई 24.08% बढ़कर 18,163 करोड़ हो गया और समूह व्यवसाय एपीई 23.44% बढ़कर 9,862 करोड़ रुपये हो गया।

• व्यक्तिगत व्यवसाय नॉन पार(असहभागी) एपीई 203.37% बढ़कर 4,778 करोड़ रुपये हो गया।

• व्यक्तिगत व्यवसाय में नॉन पार(असहभागी) एपीई की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 26.31% रही, जबकि वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में यह 10.76% थी।

• नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 37.74% बढ़कर 4,551 करोड़ रुपये हो गया।

• वीएनबी मार्जिन (नेट) 160 बीपीएस बढ़कर 16.2% हो गया।

• भारतीय एम्बेडेड मूल्य 24.01% बढ़कर 8.22 लाख करोड़ रुपये हो गया।

• एयूएम 16.78% बढ़कर 55.40 लाख करोड़ रुपये हो गया।

• सॉल्वेंसी अनुपात 1.90 से बढ़कर 1.98 हो गया

• व्यय अनुपात वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही के लिए 240 बीपीएस घटकर 12.74% हो गया, जो वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही H1FY24 के लिए 15.14% था।

• बेची गई व्यक्तिगत पॉलिसियों की संख्या 13.77% बढ़कर 91.70 लाख हो गई।

• कर के बाद लाभ 3.51% बढ़कर 18,082 करोड़ रुपये हो गया।

**मुंबई**, 8 **नवंबर**, 2024: **भारतीय जीवन बीमा निगम** ("**एलआईसी**") **के निदेशक मंडल ने** 30 **सितंबर**, 2024 **को समाप्त छह महीनों के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी और अंगीकार किया। नीचे हमारे स्टैंडअलोन परिणामों के मुख्य अंश दिए गए हैं।**

30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए कर के बाद लाभ (पीएटी) पिछले साल की समान छमाही के मुकाबले 18,082 करोड़ रुपये था। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए 17,469 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया था, जिसमे 3.51% की वृद्धि दर्ज हुई है।

प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए 61.07% की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा कारोबार में बाजार का अग्रणी बना हुआ है, जबकि 30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 58.50% था। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत कारोबार में 39.79% और समूह कारोबार में 74.77% बाजार हिस्सेदारी थी।

30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए कुल प्रीमियम आय 2,33,671 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 2,05,760 करोड़ रुपये थी, यानी 13.56% की वृद्धि दर्ज की गई।

30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम आय 29,538 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 25,184 करोड़ रुपये थी, यानी 17.29% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए व्यक्तिगत नवीनीकरण प्रीमियम आय 1,15,158 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 1,09,599 करोड़ रुपये

थी, यानी 5.07% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम 1,44,696 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि में प्रीमियम आय 1,34,783 करोड़ रुपये रही, जो 7.35% की वृद्धि दर्शाता है। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 88,975 करोड़ रुपये रही, जबकि 30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए प्रीमियम आय 70,977 करोड़ रुपये थी, जो 25.36% की वृद्धि दर्शाता है।

30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत रूप में कुल 91,70,420 पॉलिसियां बेची गईं, जबकि 30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के दौरान 80,60,725 पॉलिसियां बेची गईं, यानी 13.77% की वृद्धि दर्ज की गई। वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) आधार पर, 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए कुल प्रीमियम 28,025 करोड़ रुपये था। इसमें से 64.81% (18,163 करोड़ रुपये) व्यक्तिगत व्यवसाय और 35.19% (9,862 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय द्वारा हुआ। व्यक्तिगत व्यवसाय में एपीई आधार पर सहभागी (पार) उत्पादों का हिस्सा 73.69% (13,385 करोड़ रुपये) था और शेष 26.31% (4,778 करोड़ रुपये) असहभागी (नॉन पार) उत्पादों का था। व्यक्तिगत असहभागी (नॉन पार) एपीई 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए 1,575 करोड़ रुपये से बढ़कर 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए 4,778 करोड़ रुपये हो गई है, जो 203.37% की वृद्धि दर्शाता है। इसलिए एपीई आधार पर, व्यक्तिगत व्यवसाय का हमारा असहभागी (नॉन पार) हिस्सा 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए 26.31% तक बढ़ गया है, जबकि 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 10.76% था।

30 सितंबर, 2024 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 4,551 करोड़ रुपये था, जबकि 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 3,304 करोड़ रुपये था, जो 37.74% की वृद्धि दर्शाता है। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए शुद्ध वीएनबी मार्जिन 160 बीपीएस बढ़कर 16.2% हो गया, जबकि 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 14.6% था।

30 सितंबर, 2024 को भारतीय एम्बेडेड मूल्य (IEV) 30 सितंबर, 2023 को 6,62,605 करोड़ रुपये की तुलना में 8,21,716 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 24.01% की वृद्धि दर्ज हुई है।

30 सितंबर, 2024 को सॉल्वेंसी अनुपात 30 सितंबर, 2023 को 1.90 के मुकाबले बढ़कर 1.98 हो गया।

30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए प्रीमियम के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 77.62% और 61.46% हैं। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 78.49% और 62.53% थे।

30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए पॉलिसियों की संख्या के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 67.23% और 48.92% हैं। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 66.80% और 50.35% थे।

30 सितंबर, 2024 को प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर 55,39,516 करोड़ रुपये हो गईं, जबकि 30 सितंबर, 2023 को यह 47,43,389 करोड़ रुपये थी, जो पिछले साल की तुलना में 16.78% की वृद्धि दर्शाता है।

30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए समग्र व्यय अनुपात 30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए 15.14% की तुलना में 240 बीपीएस घटकर 12.74% हो गया।

अप्राप्त लाभ को छोड़कर पॉलिसीधारकों के फंड पर निवेश पर प्रतिफल 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए 9.02% था, जबकि 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए यह 9.06% था।

**एलआईसी के सीईओ और एमडी श्री सिद्धार्थ महान्ति ने कहाः-**

"इस वर्ष की पहली छमाही (वित्त वर्ष 2024-25) के दौरान, एलआईसी विभिन्न व्यावसायिक मापदंडों जैसे बाजार हिस्सेदारी, प्रीमियम, व्यक्तिगत व्यवसाय के अंतर्गत नॉन-पार (असहभागी) शेयर, वीएनबी, वीएनबी मार्जिन और एम्बेडेड वैल्यू पर समग्र रूप से उन्नतिशील रही है । वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम छमाही (H1FY25) के लिए हमारी बाजार हिस्सेदारी पिछले वर्ष की इसी अवधि के 58.50% और 31 मार्च 2024 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए 58.87% की तुलना में बढ़कर 61.07% हो गई है। इसके अलावा हम अपने उत्पाद मिश्रण को बढ़ाकर अपने लाभ में वृद्धि कर रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम छमाही (H1FY25) के लिए व्यक्तिगत व्यवसाय का नॉन पार (असहभागी) एपीई की भागीदारी अब पिछले वर्ष की इसी अवधि के 10.76% की तुलना में 26.31% है।

हमारा मार्जिन का दायरा बढ़ रहा है और H1FY25 के लिए हमारा VNB मार्जिन पिछले वर्ष की समान अवधि के 14.6% की तुलना में 16.2% है।

लाभप्रदता से समझौता किए बिना, उत्पाद और चैनल मिश्रण में बदलाव के साथ-साथ बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की हमारी रणनीति से बहुत ही उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त हो रहे हैं । इसके अलावा हमने अपने उत्पादों को नए नियामक दिशानिर्देशों के अनुकूल- ग्राहकों, शेयरधारकों और विभिन्न मार्केटिंग चैनल भागीदारों के हितों को ध्यान में रखते हुये डिजाइन किया है।

हमें विश्वास है कि LIC में ऐसे सभी बदलाव जो ग्राहकों के अनुकूल हैं, अंततः यह देश में जीवन बीमा बाजार का विस्तार करेंगे। हम अपने सभी हितधारकों के सहयोग से जीवन बीमा बाजार के आगे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## <u>प्रमुख परिचालन एवं वित्तीय मीट्रिक्सः</u>

| क्र. स. | विवरण | 30 **सितंबर**, 2023 **को समाप्त छमाही (करोड़ रुपये में)** | 30 **सितंबर**, 2024 **को समाप्त छमाही (करोड़ रुपये में)** | वर्ष दर वर्ष वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर के बाद लाभ (पीएटी) | 17,469 | 18,082 | 3.51% |
| 2 | नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) | 25,184 | 29,538 | 17.29% |
| 3 | नवीनीकरण प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 1,09,599 | 1,15,158 | 5.07% |
| 4 | कुल प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 1,34,783 | 1,44,696 | 7.35% |
| 5 | कुल समूह व्यवसाय प्रीमियम | 70,977 | 88,975 | 25.36% |
| 6 | कुल प्रीमियम आय | 2,05,760 | 2,33,671 | 13.56% |
| 7 | बेची गई पॉलिसियों की संख्या (व्यक्तिगत) | 80,60,725 | 91,70,420 | 13.77% |
| 8 | भारतीय एम्बेडेड मूल्य | 6,62,605 | 8,21,716 | 24.01% |
| 9 | नए व्यवसाय का मूल्य (नेट) | 3,304 | 4,551 | 37.74% |
| 10 | वीएनबी मार्जिन (नेट) | 14.6% | 16.2% | 160 बीपीएस की वृद्धि |
| 11 | समग्र व्यय अनुपात | 15.14% | 12.74% | 240 बीपीएस |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | की कमी |
| 12 | सॉल्वेंसी अनुपात | 1.90 | 1.98 | |
| 13 | 13 माह /61 माह स्थाईत्व(प्रीमियम आधार) | 78.49% / 62.53% | 77.62% / 61.46% | |
| 14 | 13 माह /61 माह स्थाईत्व (पॉलिसियों की संख्या के आधार) | 66.80% / 50.35% | 67.23% / 48.92% | |
| 15 | व्यक्तिगत व्यवसाय एपीई | 14,638 | 18,163 | 24.08% |
| 16 | समूह व्यवसाय एपीई | 7,989 | 9,862 | 23.44% |
| 17 | कुल एपीई (व्यक्तिगत + समूह) | 22,627 | 28,025 | 23.86% |
| 18 | व्यक्तिगत एपीई उत्पाद मिश्रण (%) (पार/नॉन पार लिंक्ड सहित) | 89.24% / 10.76% | 73.69%/26.31% | |
| 19 | प्रबंधन के तहत संपत्ति | 47,43,389 | 55,39,516 | 16.78% |

नोट:-

वित्तीय स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम और स्टॉक एक्सचेंजों और निगम की वेबसाइटों पर अपलोड किए गए नोट्स देखें।

मुंबई में दिनांक 8 नवंबर, 2024

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (सीसी)

भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।

ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर हमसे संपर्क करें

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हालाँकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे, लेकिन हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके हाथ में है।